महत्वपूर्ण एवं खास

बच्चियों को अगवा करने के आरोप में ग्रामीणों ने की संदिग्ध की जमकर पिटाई

बालोद (आरएनएस)। गुरुर थाना क्षेत्र से मासूम बालिकाओं को अगवा करने के आरोप में ग्रामीणों एक संदिग्ध की जमकर पिटाई कर दी. पिटाई के बाद ग्रामीणों ने व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया. जिसके बाद पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। आरोपी चिरचरी गांव से बालिकाओं को अपनी बाइक में बिठाकर ले जा रहा था. जिसे बच्चियों को रोता देख 3 किलोमीटर दूर कन्नेवाड़ा पैट्रोल पंम में ग्रामीणों ने आरोपी को रोका. आरोपी का नाम सिर्राभाटा निवासी अरविंद नेताम बताया जा रहा है. संदिग्ध व्यक्ति की पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने पिटाई करने वाले पर भी कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है।

सरपंच के भाई की खेत में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के तखतपुर के कुंवा गांव में सरपंच के भाई की लाश खेत में मिली है. लाश मिलने से इलाके में हडक़ंप मच गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, कुंवा गांव में चोरभट्टी ग्राम पंचायत के सरपंच मनबोध यादव के भाई की लाश मिली है. बताया जा रहा है कि मृतक चोरभट्टी निवासी दिनेश यादव (45 वर्ष) मानसिक रूप से कमजोर था. दिनेश अपनी बहन के घर केकती गांव आया था. वह रात्रि लगभग 1 बजे घर से बिना बताये निकल गया था. सुबह एक चरवाहे ने कुंवा गांव के खार में लाश देखा. जिसके बाद उसने इसकी सूचना डायल 112 को दी. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल, इस पूरे मामले में पुलिस जांच में जुट गई है।

बाइक रैली में शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा

सुकमा (आरएनएस)। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद सुकमा में बाइक रैली निकाली गई। कर्नाटक चुनाव में प्रभारी के रूप में पिछले 10 दिनों से कर्नाटक में प्रचार करके लौटे कांग्रेस को भारी बहुमत से जीत के बाद सुकमा आगमन पर मंत्री कवासी लखमा का जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारि एवं कार्यकर्ता एव नगर पालिका के सभी नागरिकों ने बाइक रैली कर स्वागत किया गया एव चौक चौराहों में फटाका फोड़ मिठाई बॉट कर जीत का जश्न मनाया गया।

योग शिक्षक भर्ती के लिए मई चलेगा मुख्यमंत्री पत्र व्यवहार कैंपेन : प्रदेश महासचिव

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ, जिला महासमुंद की प्रथम संगोष्ठी में प्रदेश महासचिव खोमेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में योग शिक्षकों की बड़े पैमाने में भर्ती होनी चाहिए। अन्य राज्यों जैसे मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के 26,000 स्कूलों में योग विषय को 9वीं से 12वीं तक अनिवार्य घोषित कर 100 अंकों का प्रश्नपत्र बना दिया है व मौजूदा वर्ष में योग शिक्षकों की भर्ती करने वाले हैं। इसके साथ ही बिहार सरकार ने योग शिक्षकों के पद सृजित कर विज्ञापन घोषित कर दिया है। वही उत्तर प्रदेश सरकार ने 6860, उत्तराखंड सरकार ने 800, पंजाब सरकार ने 1000 योग शिक्षकों की भर्ती की घोषणा कर चुकी हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ के समस्त योग योग्यताधारियों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को पत्र-व्यवहार के माध्यम से संज्ञान में लाएंगे कि योग शिक्षकों की छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर भर्ती हो। इसके साथ ही महासमुंद जिले में जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन कर एक मजबूत कार्यकारिणी बनाया जाएगा। जिससे महासमुंद के हर माह एक-एक योग केंद्र, योग सेंटरों में मीटिंग के साथ गतिशीलता हो सके। इस मीटिंग में सुश्री रुखमणी साहू, सहायक आचार्य, राजा निर्मलकर केंद्रीय सदस्य संघ, सत्यनारायण दुर्गा ब्लॉक अध्यक्ष, इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की भर्ती में अतिथि शिक्षकों को बोनस अंक

अतिथि शिक्षकों को प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी

रायपुर, 14 मई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की भर्ती में अतिथि शिक्षकों कों बोनस अंक दिए जाएगें। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को अतिथि शिक्षकों को प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में निर्देश जारी किए है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के आदेशानुसार प्रदेश में शिक्षकों के 12 हजार 489 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसमें शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षक को प्रत्येक वर्ष के लिए 2 बोनस अंक तथा अधिकतम 10 अंक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में अतिथि शिक्षकों को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी शैक्षणिक सत्र में एक वर्ष से कम अवधि के अध्यापन के लिए शून्य अंक देय होगा। एक पूर्ण शैक्षणिक सत्र के अध्यापन के लिए 2 अंक देय होगा।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रमाण पत्र उन्हीं अभ्यर्थियों को जारी किया जाए, जिन्हें छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 24 जून 2019 को जारी पत्र अनुसार अतिथि शिक्षक के रूप में शासकीय शालाओं में अध्ययन हेतु व्यवस्था की गई है। इसके लिए आवेदक को अपनी कार्यावधि की स्वघोषणा पत्र के साथ आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। आवेदनकर्ता आवेदन पत्र में व्यापम पोर्टल पर बनाई गई अपनी इनरोलमेंट नंबर एवं व्यापम में पंजीकृत अपना मोबाईल नंबर अंकित करेंगे। संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी प्राप्त आवेदनों का संबंधित प्राचार्य के प्रमाणीकरण उपरांत, व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने पर निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र, विशेष वाहक के माध्यम से लोक शिक्षण संचालनालय भिजवाएंगे, यहां से हस्ताक्षर होने के बाद प्रमाण पत्र अपने कार्यालय से संबंधित को वितरित किया जाएगा।

प्री-बीएड-डीएलएड की परीक्षा 17 जून को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 17 जून से इंट्रेस परीक्षा की शुरूआत कर दी जाएगी। इसके तहत 17 जून को प्री.बीएड, प्री. डीएलएड की परीक्षा तथा 24 जून को नर्सिंग कोर्सेस की परीक्षा आयोजित की जाएगी। व्यापमं सूत्रों ने बताया कि इंट्रेस परीक्षा के लिए तारीखों की घोषणा कर दी गई है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों- प्री.बीएड, प्री डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग में प्रवेश परीक्षा के लिए ये परीक्षाएं आयोजित होगी। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के अनुसार इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मई से शनिवार से लिए जा रहे है। आवेदन करने की आखिरी तारीख 28 मई होगी। त्रुटि सुधार के लिए प्री.बीएड, प्री. डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 29 मई से 31 मई तक का समय दिया गया है। प्री.बीएड, प्री.डीएलएड के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तारीख 9 जून और बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तारीख 16 जून निर्धारित की गई है। प्री.बीएड, प्री.डीएलएड के लिए परीक्षा 17 जून को और बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए परीक्षा 24 जून को होगी। प्रदेश के बच्चों को इन परिक्षाओं के लिए किसी भी तरह की फार्म फीस नहीं देनी होगी।

बिजली विभाग की लापरवाही से कोरबा चांपा मार्ग पर बड़ी दुर्घटना होने से बची

❐ सड़क के बीच नीचे झूल रहा तार ट्रेलर के डाला से टकरा कर नीचे गिरा, चालू थी लाइन

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा चांपा सडक़ मार्ग पर ग्राम सरगबुंदिया के पास बिजली विभाग की लापरवाही से बड़ी गंभीर दुर्घटना होते होते बची। कोरबा चांपा सडक़ मार्ग एक व्यस्तम मार्ग है जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन चौबीसौ घंटे चलते रहते है।

वही इस सडक़ मार्ग के दोनों ओर नजदीकी पर ही बिजली ग्यारह सौ तैतीस सौ हाई वोल्टेज की लाइन चालू रहती है एवं गुजरे है वही इस मार्ग पर अनेकों गाँव है, जो सडक़ के बीचों बीच से गुजरी है जहाँ बिजली विभाग द्वारा सडक़ के ऊपर से बिजली के लाइन को खीचा गया है, जहाँ अनेकों स्थान पर बिजली के तार इतनी नीचे झूल गए है। आए दिन बडे टेलर बस हाइवा ट्रक के डाला को छू जा रहा है। कई बार इन वाहनों के संपर्क में बिजली के तार आ जाने से टूट गए है। कई जगह गंभीर दुर्घटना भी हो चुकी है। सुबह सरगबुंदिया गाँव के बस स्टैंड के पास इस तरह नजदीक झूल रहे बिजली के तार एक ट्रेलर के डाला से पडकर पूरी तरह जमीन के नजदीक झूल गया। इसके बाद भी कुछ वाहन चालक तार को बास से उपर उठाकर वाहनों को निकालने का प्रयास किया। फिर जोरदार शार्ट सर्किट होने से सभी घबरा गए। उस समय दो ट्रेलर उसके नीचे थे एवं डायवर गाड़ी के अंदर था तथा नीचे यात्रीयों से सभी स्कार्पियो एवं मोटर साइकिल भी जो बाल बाल बचे। उस समय तक दो घंटे हो गया था। उस समय तक बिजली इनमें बिजली चालू थी तथा इस मार्ग पर बस ट्रक सहित सैकड़ो वाहनों की दोनों तरफ लाइन लग गई थी। बस जीप सहित यात्री परेशान होने लगे। मौके पर पहुंचे इस क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार बरपाली निवासी सुखदेव कैवर्त ने वक्त की नजाकत को देखते हुए तत्काल बिजली कर्मचारी राजू यादव से सरगबुंदिया फीडर को बरपाली से बंद करने को कहा और स्थिति से अवगत कराया एवं तत्काल मरम्मत करने की बात कही। ताकि यात्रीयों को परेशानी न हो। चांपा कोरबा से आगे जाने वाले यात्री काफी परेशान दिखे। उन्होंने तत्काल बरपाली सब स्टेशन को सूचित कर बिजली सप्लाई को बंद कराया तब सभी ने राहत की सांस ली। फिर कुछ समय बाद बिजली विभाग बरपाली के कर्मचारी पहुँच कर लाइन को ठीक किया एवं आवागमन शुरू हो सका।

इस घटना के बाद भी न ही एक सौ बारह की टीम पहुंची न ही उरगा पुलिस के स्टाफ़ पहुंचे। उनको इसकी खबर ही नहीं लग पाई जबकि ढाई घंटे से अधिक तक सडक़ जाम थी एवं बिजली के तार सडक़ पर गिरी थी। इस तरह की घटना इस सडक़ मार्ग पर आम हो गया। दो तीन बार सरगबुंदिया बरपाली मडवारानी मे हो चुकी है। एक बार बरपाली बस स्टैंड के पास तार टुट कर ट्रेलर पर गिरी थी जिससे ट्रेलर के ड्राइवर सलिहाभाठा निवासी टक के नीचे काम कर रहा था वही ट्रेलर के साथ जिंदा जल गया था। बिजली विभाग को इस तरह से झूल रहे बिजली तारो को यथाशीघ्र उठाया जावे ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो जावे। बरपाली बाजार के पास चौराहे पर बहुत ही नजदीक पर तार झूल रहा है। यहाँ उनके कर्मचारी रहते है उस पर अभी तक ध्यान नही दिया जा रहा है।

फांसी के फंदे पर झूला प्रेमी युगल

बालोद (आरएनएस)। सुरेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर व सिब्दी के बीच नाला के पास रीया के पेड़ में प्रेमी युगल फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला घटनास्थल पर एक होंडा मोटरसाइकिल भी गिरी हुई मिली है। सुरेगांव पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार मृतक विकास (विक्की) 23 वर्ष पिता हुमन बांधव ग्राम भरदाकला व ग्राम गंधरी निवासी रेशमी निषाद पिता - स्व श्रवण कुमार निषाद उम्र 19 वर्ष लाल रंग की हौंडा कंपनी की गाड़ी नंबर ष्टत्र04, ष्ठक्क 5511 मे पहुंच कर पेड़ में फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार मृतक विकास कुमार पिता हुमन लाल बांधव का विवाह 5 मई को हुआ था। शादी की महेंदी का रंग नहीं निकला था और बांधव परिवार में मातम पसर गया। सुरेगांव थाना प्रभारी अजय मोहोबिया अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शवो का परीक्षण कर पोस्ट मार्टम के बाद शवो को मृतकों के परिवार को सौप दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में बताया कि आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है परिजनों से पूछताछ में कोई जानकारी मिलेगी। फिलहाल शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे छानबीन करेंगे।

खड़गपुर में ब्लॉक : हावड़ा रूट की ट्रेनें 6 से 8 घंटे डिले

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में विगत सप्ताह लिए गए मेगा ब्लॉक से हलाकान यात्री एक बार फिर से परेशान हो रहे हैं। अब खडग़पुर डिवीजन में ब्लॉक लिए जाने के कारण हावड़ा रूट से आने वाली ट्रेनें 6 से 8 घंटे विलंब से चल रही है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि खडग़पुर डिवीजन में ब्लॉक लिया गया है। इसके चलते हावड़ा से छूटने वाली अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही है। ज्ञात हो कि हावड़ा से देश के अलग-अलग राज्यों के लिए दर्जनों यात्री ट्रेनें संचालित होती है। इनमें हावड़ा-अहमदाबाद, हावड़ा-पुणे, हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, हावड़ा-मुंबई के अलावा देश के अन्य राज्यों के लिए लंबी दूरी की ट्रेनें चलती हैं। लेकिन ब्लॉक के चलते ये सभी ट्रेनें अब 6 से 8 घंटे विलंब से रवाना हो रही है। वहीं ब्लॉक के कारण इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार भी विभिन्न बड़े स्टेशनों के मध्य कम कर दी गई है। इससे हावड़ा की ओर आने वाली ट्रेनों के लिए मार्ग और ट्रेरक खाली रहे। इन सब के चलते हावड़ा की ओर जाने और आने वाली यात्री ट्रेनों के हजारों मुसाफिर हलाकान हो गए हैं।

तीन साल की बच्ची के साथ दरिंदगी, लहूलुहान हालत में मिली बच्ची

0 पड़ोसी बना हैवान

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में 3 साल की बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। पिता के उम्र के आरोपी ने मासूम के साथ दरिंदगी को अंजाम दिया। आरोपी युवक ने चॉकलेट दिलाने के बहाने पड़ोस में रहने वाली बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। यह मामला नवा रायपुर के राखी थाने क्षेत्र का है। राखी थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ धारा 376 और पाक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

36 साल के हैवान ने की 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म- बताया जाता है कि बच्ची के माता-पिता मजदूरी करते हैं। 12 मई को बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसे देखकर 36 वर्षीय आरोपी करण यादव ने मासूम को चॉकलेट का प्रलोभन देकर उसे दुकान ले जाने के बहाने उसके साथ गंदा काम किया। इस दौरान घर में बच्ची के मां खाना बना रही थी। उसका पिता घर पर नहीं था।

आरोपी ने खेलते हुए बच्ची को दुकान के बहाने उसे कूड़े के ढेर के पास बने एक कमरा में ले गया। इसके बाद मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के पूरी तरह से लहूलुहान होने पर उसे घर के बाहर छोडक़र वहां से भाग निकला। दर्द से रोती हुई बच्ची को आवाज सुनकर उसकी मां दौड़ती हुई आई। बच्ची को देखकर चौंक गई। मासूम की मां ने देखा तो बच्ची के प्राइवेट पार्ट से ब्लड निकल रहा था। बच्ची दर्द से रो रही थी। इसके बाद बच्ची ने पूरी घटनाक्रम को बताया। इस तरह की हैवानियत को सुनकर बच्ची के माता-पिता ने राखी थाना में आरोपी करण यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल टेस्ट करवाया तो मामले की पुष्टि हुई।

तेंदूपत्ता से लदे ट्रक में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

गीदम (आरएनएस)। गीदम थाना क्षेत्र के ग्राम रोजे में तेंदूपत्ता से लदे एक ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ट्रक चालक की सूझबूझ से आग पर किसी तरह काबू पाया गया।

घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। तेंदूपत्ता से लदा एक ट्रक यहां से गुजर रहा था कि अचानक उसमें आग लग गई। ट्रक चालक को जैसे ही इसकी भनक लगी उसने ट्रक रोक दिया और आग बुझाने का प्रयास करने लगा। बताया जाता है कि इस ट्रक में करीब 380 बोरा तेंदूपत्ता लोड था। ट्रक चालक ने किसी तरह से ट्रक को पलट दिया, जिससे तेंदूपत्ता से भरे बोरे नीचे गिर गए और आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया।

ज्ञात हो कि वन विभाग ने ग्राम रोजे में तेंदूपत्ता गोदाम बनाया हुआ है। इस गोदाम में आसपास के वन्यग्रामों के साथ ही बारसूर समिति और तमनार तेंदूपत्ता समिति से आने वाले तेंदूपत्तों को रखा जाता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आशंका जताई है कि गोदाम के आसपास से गुजरी बिजली के तारों से ट्रक के संपर्क में आने के कारण संभवत: शॉट सर्किट हुआ होगा और इसके चलते ही ट्रक में लगे तेंदूपत्तों की बोरियों में आग लगी होगी। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुo सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विशेष कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राजधानी रायपुर स्थित प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शान्ति सरोवर में आयोजित नशामुक्त भारत अभियान के शुभारंभ समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री बघेल

❐ नशामुक्त भारत अभियान

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शान्ति सरोवर में आयोजित नशामुक्त भारत अभियान के शुभारंभ समारोह में पहुंचे।

मुख्यमंत्री बघेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सत्यनारायण शर्मा, गृह सचिव अरूण देव गौतम, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डॉ. सचिन परब, डॉ. बनारसी लाल शाह, ब्रम्हाकुमारी हेमलता, ऊषा बहन उपस्थित हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर सड्डू स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शांति सरोवर परिसर में आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के शुभारंभ समारोह में पहुंचे। विधायक सत्यनारायण शर्मा, गृह सचिव अरूण देव गौतम, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डॉ. सचिन परब, डॉ. बनारसी लाल शाह, ब्रम्हाकुमारी हेमलता, ऊषा बहन उपस्थित हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने एक बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार की है।

नशा किसी मामले में फायदेमंद नहीं न शरीर के लिए ना व्यक्तित्व के लिए इससे नुकसान ही होता है।

शराबबंदी के लिए हमने एक कमेटी का गठन किया है जिसके अध्यक्ष माननीय सत्यनारायण शर्मा जी हैं जिन्होंने अन्य राज्यों में जाकर भी अध्ययन किया है।

नशा मुक्त समाज होना चाहिए और ईश्वर ने जो इतनी सुंदर दुनिया बनाई है हमें परस्पर प्रेम और भाई चारे के साथ जीवन जीना चाहिये।

मैं इस अभियान की सफलता के लिए आप सभी को पुन: शुभकामनाएं देता हूं। शासन की ओर से जिस भी सहयोग की आवश्यकता होगी, वह सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।